तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

# हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, शनिवार 30 अगस्त 2025

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा



12 बांग्लादेशी शरणार्थी एवं घुसपैठियों पर आदिवासियों ..





14 कृषि देवता भगवान बलराम की जयंती ...




## खबर संक्षेप

### गणेशोत्सव के लिए हुई शांति समिति की बैठक



**कांकेर।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभाकक्ष में गणेश समिति के सदस्यों एवं आयोजकों का शांति समिति का बैठक लिया गया। बैठक के दौरान उपस्थित सदस्यों को पूर्ण सुरक्षा एवं शासन प्रशासन द्वारा तथा न्यायालयों द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन करते हुए शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से गणेश उत्सव मनाने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। पूरे त्यौहार के दौरान शांति और कानून व्यवस्था बनाए के लिए समझाईस दी गई। उच्च न्यायालय द्वारा ध्वनि विस्तारक यंत्र- डीजे, धुमाल इत्यादि के संबंध मे जारी दिशा निर्देशों एवं गाइडलाइन का पालन करने के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही सभी समितियों को अपने कार्यक्रम की जानकारी संबंधित थाना क्षेत्र को देने और स्थानीय प्रशासन के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करने कहा गया।

### गड्ढे में गिरने से बुजुर्ग की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** दुधावा चौकी अंतर्गत 68 वर्षीय राजू कोर्राम का मौत नर्सरी की ओर गढ्डा में गिर जाने से 26 अगस्त को हो गया। बरकई निवासी देवचंद मरकाम ने पुलिस को बताया कि मृतक की मानसिक स्थिति सही नही था। काफी बुजुर्ग था व शौच करने के लिए नर्सरी की ओर गया था। वापस आते समय गढ्डा में गिर गया व पानी में डूब जाने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### फांसी के फंदे में लटका मिला महिला का शव, जांच शुरू

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत 26 वर्षीय नेलेश्वरी वट्टी ने खेत लाड़ी की ओर गमछा का फंदा बनाकर फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। साल्हेभाट निवासी देवेंद्र वट्टी ने पुलिस को बताया कि मृतिका 27 अगस्त को रात का खाना खाकर अपने कमरे में सोने के लिए गई थी। अगले दिन सुबह मै खेत की ओर मशीन चालू करने के लिए गया तो देखा कि मृतिका ने खेत लाड़ी में गमछा का फंदा बनाकर फांसी लगा लिया था, जिससे उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### लुलेगोंदी ईंट भट्ठा मार्ग पर मिली लाश, जांच जारी

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत लुलेगोंदी निवासी रंजित पोया का अज्ञात कारणों के चलते 10 अगस्त को मौत हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक लुलेगोंदी के ईट भट्टा जाने वाले मार्ग पर मृत अवस्था में पड़ा हुआ था। कान से खून निकल रहा था। मृतक की मौत कैसे हुई यह अभी पता नही चल पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

**मनमानी : सीएमएचओ ने आरएमए के खिलाफ गठित की जाँच टीम**

# बड़गांव पीएचसी में पदस्थ आरएमए की वीडियो वायरल, सीएमएचओ ने गठित किया जांच टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- सीएमएचओ ने कहा- शराब पीने की शिकायत मिली है, जाँच के बाद होगा स्पष्ट
- महिला चिकित्सक ने सीएमएचओ को मौखिक शिकायत में कहा- आरएमए शराब पीकर आते हैं

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बड़गांव में 6 साल से पदस्थ आरएमए यानी ग्रामीण चिकित्सक सहायक का मरीजों से दुर्व्यव्हार एवं लापरवाही करने का वीडियो 29 अगस्त को दोपहर से दो वीडियो वायरल हो रहे है। वीडियो में आरएमए जिस ढंग से बात कर रहे है, उसके लहजे को देखकर कई प्रकार के प्रश्न खड़े हो गए है। वायरल वीडियो सीएमएचओ के पास पहुँचा, सीएमएचओ ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जाँच के लिए टीम का



गठन कर दिया है। कोयलीबेड़ा विकासखँड के बीएमओ की मानें तो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बड़गांव में 6 साल से पदस्थ आरएमए यानी ग्रामीण चिकित्सक सहायक रत्नेश पाल देशमुख इस केंद्र के प्रभारी है और एक सप्ताह पहले इस अस्पताल में एमबीबीएम महिला चिकित्सक पदस्थ हुई है। ग्रामीण चिकित्सक सहायक की प्रथम नियुक्ति 15 अक्टूबर 2013 में कबीरधाम जिले के पंडरिया में हुई थी और उसके उपरांत 3 सितंबर 2014 को कबीरधाम से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मचांदुर जिला दुर्ग के लिए स्थांतरण हुआ। पाँच साल सेवाएं देन के उपरांत 30 अगस्त 2019 से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बड़गांव में पदस्थ है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बड़गांव में एक मरीज को देखने को लेकर मरीज के परिजनों से कहा सुनी हो गई। कहा सुनी का वीडियो ▶▶|शेष पेज 12 पर

### महिला चिकित्सक ने दी जानकारी

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बड़गांव में पदस्थ नवनियुक्त महिला चिकित्सक इस घटना को लेकर जिला मुख्यायल पहुँची और सीएमएचओ को घटना के बारे में पूरी जानकारी दिया है। इस विषय पर हरिभूमि ने सीएमएचओ से जानना चाहा कि महिला चिकित्सक ने कोई शिकायत किया है, उन्होने कहा कि लिखित में कोई शिकायत नहीं किया है। मौखिक आरएमए के व्यवहार के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि आरएमए शराब का सेवन करके अस्पताल आ जाते है। वीडियो में लग रहा है कि शराब पीकर बैठे है। जाँच के बाद सही तस्वीर स्पष्ट हो पाएगी।

### टीम को 24 घंटे में रिपोर्ट भेजने के निर्देश

सीएमएचओ डॉं. आरसी ठाकुर ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बड़गांव में पदस्थ ग्रामीण चिकित्सा सहायक रत्नेश पाल देशमुख का मरीजों से दुर्व्यव्हार एवं लापरवाही करने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। इस मामले के लिए जाँच टीम का गठन किया गया, जिसे 24 घंटे में प्रतिवेदन देने के लिए निर्देशित किया गया है। जाँच टीम में बीएमओ कोयलीबेड़ा डॉं. संजीव वैष्णव, चिकित्सा अधिकारी डॉं. गौतम व्यापारी, लेखापाल बीएल तिवारी शामिल है।

# 42 लीटर कच्ची शराब जब्त व तीन कोचियों को दबोचा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शहर के बाईपास रोड राष्ट्रीय राजमार्ग 30 गढ़पिछवाड़ी चौक के पास पुलिस ने दबिश दिया और कच्ची शराब के साथ तीन शराब कोचियों को धर दबोचा। आरोपियों के कब्जे से कुल 42 लीटर महुआ शराब और नगद 400 रूपएं जप्त किया गया।

थाना कांकेर की टीम ने 29 अगस्त को छापामार कार्यवाही करते हुए ग्राम गढ़पिछवाड़ी चैक बायपास रोड राष्ट्रीय राजमार्ग 30 के पास घेराबंदी करते हुए आरोपी आमाबेड़ा थानांतर्गत तुमसनार निवासी 42 वर्षीय सियाराम नेताम पिता तुलसीराम नेताम और आमाबेड़ा थानांतर्गत तुमसनार निवासी 31 वर्षीय संदीप पांडे पिता रामसिंह पांडे की तालाशी लेने पर सियाराम नेताम के पास एक सफेद कलर की प्लास्टिक बोरी के अंदर दो-दो लीटर वाली 11 नग प्लास्टिक बाटलो में लगभग 22 लीटर देशी महुआ शराब एवं नगद 200 रुपएं और संदीप पांडे के पास एक सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी के अंदर दो-दो लीटर वाली 10 नग प्लास्टिक बाटलो में लगभग 20 लीटर देशी महुआ शराब को जप्त किया गया। आरोपी सियाराम नेताम ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि वह शराब को राजापारा कांकेर निवासी 52 वर्षीय सतीश ठाकुर पिता स्व. बेनी माधव ठाकुर ने बेचने के लिए मंगाया था। सतीश ठाकुर कोडेजुंगा चौक के पास खड़े है, उसे देने के लिए जा रहा हूं। पुलिस आरोपी को लेकर कोड़ेजुंगा के पास पहुँचे और कोचिया सतीश ठाकुर को दबोचा गया। आरोपियों के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। कार्यवाही टीम में निरीक्षक मनीष नागर, सउनि सोमेन्द्र सिंह, प्रधान आरक्षक कौशल साहू, ओम प्रकाश कृषान, सत्य प्रकाश सिंह, आरक्षक, रामरतन निषाद, सचिन शोरी, विनोद साहू शामिल रहें।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर महर्षि वाल्मीकि कॉलेज में हुईं विभिन्न प्रतियोगिताएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

शासकीय महर्षि वाल्मीकि कॉलेज में 28 अगस्त को हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय खेल दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान मेजर ध्यानचंद के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ महर्षि वाल्मीकि कप के साथ हुआ, जिसमें कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। खेल का आरंभ अतिथियों ने सभी टीमों के कप्तानों से परिचय प्राप्त कर किया। क्रीड़ा अधिकारी चेतन कुमार श्रीवास ने बताया कि इस बार सभी कक्षाओं को सात अलग-अलग दलों में बाँटा गया है, जिनके नाम बस्तर क्षेत्र के प्रसिद्ध स्थलों पर रखे गए हैं। यह टीमें पूरे टूर्नामेंट में इसी नाम से हिस्सा लेंगी। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. रश्मि सिंह ने प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा आज का दिन हमारे लिए बेहद खास है, क्योंकि यह सिर्फ खेलों का दिन नहीं, बल्कि खेल भावना, अनुशासन और स्वस्थ जीवन का उत्सव है। राष्ट्रीय खेल दिवस हमें मेजर ध्यानचंद जैसे महान खिलाड़ियों के योगदान की याद दिलाता है। छात्रों को खेलों के महत्व और उनके जीवन में सकारात्मक प्रभाव के प्रति जागरूक किया। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष रत्नेश सिंह ने मेजर ध्यानचंद के जीवन पर प्रकाश डाला और विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलों के महत्व पर भी ज़ोर दिया। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील बबला पाढ़ी ने खेलों को एक समावेशी और स्वस्थ समाज के लिए प्रेरक बताया।

इस अवसर पर रस्सा-कस्सी और कुर्सी दौड़ जैसे खेलों का आयोजन किया गया। कुर्सी दौड़ में बालक वर्ग में कांगेर दल के संदीप नरेटी ने ▶▶|शेष पेज 12 पर

# घर आंगन से आधी रात बाइक की चोरी, चोर की तालाश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कच्चे चौकी अंतर्गत दफईपारा के घर परछी में खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने रात को चोरी कर लिया। वाहन मालिक ने अपने स्तर पर वाहन का पता तालाश किया। वाहन का कोई पता नही चला, तब कच्चे चौकी में अज्ञात चोर के खिलाफ वाहन चोरी का मामला दर्ज कराया गया।

कच्चे चौकी में शिकायत करने पहुंचे दफईपारा कच्चे निवासी 26 वर्षीय आनंद मंडावी ने पुलिस को बताया कि गोदावरी कच्चे मांइस मे नौकरी करता हूं । मैं18 अगस्त को रात 9 बजें ड्यूटी करे घर आया।



अपने मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 19 बीएस 2427 काला रंग को अपने घर के बाहर परछी पर रखा था। अगले दिन 19 अगस्त को सुबह 6 बजें देखा तो मेरा मोटर सायकल ▶▶|शेष पेज 12 पर

# अवैध फर्नीचर वन विभाग ने किया जब्त, एक गिरफ्तार, कार्रवाई जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजूर

कापसी वन परिक्षेत्र में पीव्ही 77 जगन्नाथपुर निवासी एक ग्रामीण के घर से एक राष्ट्रीयकृत लकड़ी बीजा से अवैध रूप से बनाए जा रहे फर्नीचर को बरामद करते हुए वन विभाग के नियमानुसार बड़ी कार्रवाई किया गया।

कापसी वन परिक्षेत्र को फर्नीचर की जानकारी मिलने पर उच्च अधिकारी वनमंडलाधिकारी हेमचन्द पाहरे और उपवन मंडलाधिकारी रामनाथ शोरी के संज्ञान में लाया और उनके मार्गदर्शन में 29 अगस्त को वन विभाग की टीम ने सर्च वारंट नंबर 02 के तहत



ग्राम पीव्ही 77 जगन्नाथपुर निवासी 52 वर्ष किरण मलिक पिता धिरेन्द्र मलिक के घर और बाड़ी की तलाशी लिया। तलाशी के दौरान टीम ने राष्ट्रीयकृत लकड़ी बीजा से अवैध रूप से बनाए जा रहे फर्नीचर को बरामद किया। आरोपी के पास इन फर्नीचर के निर्माण के लिए कोई भी वैध दस्तावेज नहीं था। वन विभाग ने आरोपी के खिलाफ पीओआर नंबर 310/03 के तहत मामला दर्ज करते हुए जाँच मे लिया। इस मामले की आगे की जांच प्रशिक्षु वन क्षेत्रपाल ▶▶|शेष पेज 12 पर

# सीसी सड़क निर्माण में लापरवाही ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़

मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना के तहत ग्राम कोदागांव में बन रहे सीसी सड़क का निर्माण किया जाना है, किंतु ठेकेदार द्वारा तीन माह बीत जाने के बाद भी सड़क निर्माण नहीं कराया गया है। कार्य में लापरवाही को देखते हुए जनपद पंचायत क्षेत्र 11 के जनपद सदस्य ज्योति उयके, आनन्दी,बिरेशर, शिवलाल माहला, राकेश सहित ग्रामवासी एसडीएम कार्यालय पहुंच कर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अंतागढ़ को



- मामला कोदागांव में सड़क निर्माण का, अवधि समाप्त

ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया कि स्वीकृत 500 मीटर सीसी सड़क सह नाली निर्माण कार्य 3 महीने से निर्माणाधीन है। उक्त 500 मीटर में लगभग 450 मीटर का कार्य लगभग पूरा हो चुका है, किन्तु उक्त निर्माण कार्य में गुणवत्ताहीन कार्य किया गया है। निर्माण में मिट्टी युक्त रेत व तालाब का गंदा पानी का उपयोग किया गया है। जबकि उक्त कांफीट बनाने के लिए पानी एवं उच्च कोटि का रेत का उपयोग में लाया जाना था। वाइब्रेटर मशीन का प्रयोग न किया जाना था। उक्त निर्माण कार्य का प्रारंभ 8 मई 2025 से ▶▶|शेष पेज 12 पर

# आदर्श कालेज में मनाया गया राष्ट्रीय खेल दिवस



**कांकेर।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में 29 अगस्त मेजर ध्यानचंद के स्मरण में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रियंका जायसवाल, सहायक प्राध्यापक प्रियंका गवर्ना, खिलेश्वर कोसमा, क्रीड़ा अधिकारी नीरज कुमार पटेल एवं अतिथि व्याख्याता डॉ. आभा श्रीवास्तव ने माता सरस्वती व ▶▶|शेष पेज 12 पर

**विधायक ने जिलास्तरीय शिशु संरक्षण माह का किया शुभांरभ**

# बच्चे देश के भविष्य हैं, हरेक माता-पिता का कर्तव्य बच्चों की करें सही परवरिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- बच्चों को विटामिन ए सीरप पिलाया गया

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नरहरपुर में जिला स्तरीय शिशु संरक्षण माह का शुभारंभ विधायक आशाराम नेताम के मुख्य आतिथ्य में हुआ। विधायक ने 29 अगस्त को 9 माह से 5 साल के बच्चों को विटामिन ए की सीरप पिलाकर शिशु संरक्षण माह की शुरूआत किया गया।

जिलास्तरीय शिशु संरक्षण माह का



शुभारंभ करते हुए विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं, इसलिए हर माता-पिता का कर्तव्य है कि वे अपने बच्चों की सही परवरिश, उचित पोषण और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में माँ और शिशु के स्वास्थ्य संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए लगातार योजनाएँ चला रही है। शिशु संरक्षण माह इन्हीं प्रयासों की ▶▶|शेष पेज 12 पर

### 30 सितंबर तक चलेगा अभियान

सीएमएचओ डॉं. आरसी ठाकुर ने बताया कि इस कार्यक्रम के नोडल अधिकारी ओपी शंखवार है और इस कार्यक्रम का आज से शुभारंभ किया गया है जो 30 सितंबर तक चलेगा। स्वास्थ्य अमला गाँव गाँव पहुँचकर इस उम्र के बच्चों को विटामिन ए पिलाने के अभियान में शामिल होंगे। विटामिन ए के सेवन से शरीर में रोगों से लडऩे के क्षमता में वृद्धि होती हहै। आंखों की परत यानी कार्निया सुरक्षित होती है, इससे बाल मृत्यु दर में कमी, दस्त, खसरा एवं आंखों की रोग रतौंधी से बचाव तथा कुपोषण में कमी आती है

### कार्यक्रम में यह रहे शामिल

आयोजित कार्यक्रम में जिला नोडल कुष्ठ कार्यक्रम के डॉं. सुनील सोनी, बीएमओ डॉं1 भूपेंद्र धूव, जिला कार्यक्रम प्रबंधक रोहित वर्मा, वेक्सीन कोल्डचेन मैनेजर एकता भारद्वाज, नगर के पार्षदगण एवं विकासखंड के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ चिकित्सक डॉं. प्रशांत सिंह के द्वारा किया गया।




## खबर संक्षेप

### शनिवार सुबह स्कूल होने पर होगा सर्वांगीण विकास

**गीदम।** शनिवार को शालाएं पूर्व की तरह सुबह ही लगे मुख्यमंत्री व शिक्षामंत्री से शालेय शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष संतोष मिश्रा ने मांग की। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्धेश्य बच्चों का सर्वांगीण विकास करना होता है न कि केवल किताबी ज्ञान देना। पाठ्य विषयों की शिक्षा के साथ बच्चों को शारीरिक शिक्षा, मानसिक शिक्षा, नैतिक शिक्षा, व्यवहारिक शिक्षा, कौशल शिक्षा, स्वावलंबन की शिक्षा आदि भी देना आवश्यक होता है तभी हम भावी पीढ़ी को सुशिक्षित, सुसंस्कृत और सशक्त देशभक्त नागरिक बना सकते हैं। व्यायाम से शरीर मजबूत होता है, योग और प्राणायाम से शरीर संतुलित होता है और निरोग रहता है तथा मानसिक शक्ति का विकास होता है। इसीलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग, प्राणयाम और व्यायाम को स्कूल के पाठ्यक्रम में शामिल कराया है। उपरोक्त गतिविधियों के लिए सुबह का समय ही अनुकूल होता है। क्योंकि ये सब खाली पेट किया जाता है परंतु छ.ग. लोक शिक्षण संचालनालय के एक आदेश के साथ संलग्न समय सारणी की वजह से प्राचार्य व संस्था प्रमुख शनिवार को भी सुबह 10 बजे से 4 बजे तक शाला अवधि करने आमादा है और कई जगहां पर 10 से 4 शाला लगाना प्रारंभ भी कर दिए हैं जो कि न स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से, न ही व्यवहारिक तौर पर उचित है।

### पीड़ित आदिवासियों की फरियाद थाने में नहीं सुनी जा रही, सौंपा ज्ञापन

# बांग्लादेशी शरणार्थी एवं घुसपैठियों पर आदिवासियों पर अत्याचार का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पखांजुर

क्षेत्रीय आदिवासी समाज के द्वारा 29 अगस्त को नायब तहसीलदार बांदे के माध्यम से राज्यपाल छत्तीसगढ़ शासन को पखांजुर तहसील के परलकोट क्षेत्र में बांग्लादेशी शरणार्थियों और अवैध घुसपैठियों द्वारा स्थानीय आदिवासियों पर लगातार अत्याचारों का आरोप लगाया गया है। आदिवासियों ने इन घटनाओं के लिए पुलिस और वन विभाग के अधिकारियों पर बांग्लादेशियों के साथ मिलीभगत का भी आरोप लगाया है।



ज्ञापन में उल्लेखित है कि जब भी पीड़ित आदिवासी बांदे थाने में शिकायत दर्ज कराने जाते हैं, तो पुलिस अधिकारी एफआईआर दर्ज करने से इनकार कर देते हैं। आरोपों के मुताबिक पुलिस अधिकारी पीड़ितों को धमकाते हैं और लिखित शिकायत की रसीद भी नहीं देते हैं। पुलिस अधिकारियों पर मिलीभगत का आरोप शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया है। बांदे थाने के प्रभारी मनीष नेताम ने 21 अगस्त 2025 को एक आदिवासी के साथ हुई मारपीट और जातिगत गाली-गलौज की शिकायत को दबाने की कोशिश की है। आरोप है कि उन्होंने शिकायतकर्ता से रुपए की मांग की और जबरन समझौता करवाकर हस्ताक्षर करवाया। तिरलगढ़ गांव के आदिवासियों ने 12 जून 2025 को बांदे थाने में बांग्लादेशी शरणार्थियों द्वारा बिना अनुमति के अवैध रूप से रेत चोरी करने की शिकायत की थी, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। कन्हारगांव के एक आदिवासी ने बांदे थाने में एक बांग्लादेशी शरणार्थी द्वारा 1 लाख 20 हजार रूपएं कि ठगी की शिकायत की थी, लेकिन इस मामले में भी कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई। शिकायत के अनुसार परलकोट क्षेत्र के बांग्लादेशी शरणार्थियों ने जंगल की जमीन पर अतिक्रमण कर बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई की है। 12 जून 2025 को वन विभाग को इसकी जानकारी दी गई थी, लेकिन अतिक्रमणकारियों पर कार्रवाई करने के बजाए विभाग ने उन्हें उसी जमीन पर धान की रोपाई करने की अनुमति दी है।

स्थानीय आदिवासियों ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर शिकायत पत्र में आरोप लगाया है कि 1970 के दशक में अस्थाई रूप से बसाए गए बांग्लादेशी शरणार्थी और बाद में अवैध रूप से आए बांग्लादेशी घुसपैठिए मिलकर यहां के मूलनिवासी आदिवासियों पर अत्याचार कर रहे हैं। इन अत्याचारों में चोरी, लूटपाट, मारपीट, महिलाओं के साथ बलात्कार, जमीन हड़पना और सरकारी योजनाओं का दुरुपयोग करना शामिल है। शिकायतकर्ताओं ने मुख्यमंत्री और अन्य उच्च अधिकारियों से इस मामले की तत्काल जांच कराने और दोषी पुलिस तथा वन विभाग के अधिकारियों को निलंबित करने की मांग की है। उनका कहना है कि इन अधिकारियों के कारण क्षेत्र के आदिवासी खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। इस दौरान ग्रामीण गजु राम, बिरा राम, साधु राम सहित सैकड़ों ग्रामीण जन उपस्थित रहें।

### कांकेर शहर में जगह जगह विराजे गजानन



श्रीश्री बाल गणेशोत्सव परिवार माहुरबंदपारा



श्रीश्री सिद्धि विनायक गणेशोत्सव समिति संजय नगर

## पैराडाइज स्कूल में नेशनल स्पोर्ट्स डे पर विभिन्न कार्यक्रमों का किया गया आयोजन



हरिभूमि न्यूज. ▸▸| कांकेर

पैराडाइज़ हायर सेकेण्डरी स्कूल में राष्ट्रीय खेल दिवस 29 अगस्त मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस पर मनाया गया। इस अवसर पर प्री-प्राइमरी, प्राइमरी, मिडिल, हाई स्कूल तथा हायर सेकेण्डरी के छात्र-छात्राओं के लिए विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। इस राष्ट्रीय खेल दिवस का शुभारंभ हायर कक्षा के छात्र-छात्रों द्वारा मार्च-पार्च किया गया। मिडिल कक्षा के छात्रों द्वारा सरस्वती वंदना किया गया।

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर रिटायर्ड आर्मी आफिसर अरविंद यादव, सब इंस्पेक्टर मनोरथ जोशी, सब इंस्पेक्टर तेजेश्वर कश्यप उपस्थित होकर छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित कर मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर हायर सेकेण्डरी एवं मिडिल कक्षा के छात्र-छात्राओं के लिए हाउस के अनुसार कबड्डी खेल का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों बच्चों ने भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा को उजागर किया। राष्ट्रीय खेल दिवस एवं मेजर ध्यानचंद के जीवन पर भाषण प्रस्तुत किया गया एवं खेलों की दुनिया उनके योगदान को याद किया गया। खेल शिक्षा का एक अभिन्न अंग, खेलकूद से हमारा शारीरिक विकास होता है, जिससे हम अपने शरीर को स्वस्थ्य एवं विकसित करते हैं और सहभागिता, अनुशासन, नेतृत्व के गुणों के अलावा खेलकूद के माध्यम से खुशी, प्रेम सहयोग आदि भावनाओं को गहराई तक महसूस करते है। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर सभी बच्चों के लिए विभिन्न इनडोर एवं आउटडोर खेलों की प्रतियोगिता रखी गयी जिसमें अधिक संख्या में बच्चों ने उत्साहित होकर भाग लिया। हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी के छात्र-छात्राओं के लिए शिक्षकों द्वारा खेल का आयोजन किया गया जिसमें चार हाउसों के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। हायर कक्षा से सिनियर वर्ग बालिका में रेड हाउस विजेता रही एवं सिनियर वर्ग बालकों में येलो हाउस विजेता रहें। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विभिन्न खेल गतिविधियां प्राचार्य रश्मि रजक, प्रभारी प्राचार्य डा.श्रेष्ठिता चंदा, एकेडमिक हेड सुनील कुमार पंडा, कोआर्डिनेटर एम भुबनेश्वरी के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ शिक्षक प्रीति झा आदि शिक्षकों का मार्गदर्शन रहा।

## आने वाली पीढ़ी को स्वस्थ व फिट रखने के लिए साय सरकार की पहल जारी : सांसद

हरिभूमि न्यूज. ▸▸| कांकेर

हॉकी के जादूगर के रूप में विख्यात मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर खेल कैलेण्डर का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों ने खेल परिसर में जाकर जिले के फुटबॉल एवं हॉ की खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।

■ राष्ट्रीय खेल दिवस पर हुईं विभिन्न खेल प्रतिस्पर्धाएं



मुख्य अतिथि की आसंदी से सांसद भोजराज नाग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा विभिन्न खेल विधाओं के माध्यम से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को लगातार प्रोत्साहित एवं प्रेरित करने का कार्य किया जा रहा है। लोगों को खेल के प्रति जागरूक करने और शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रखने के उद्देश्य से फिट इंडिया कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि देश एवं प्रदेश की आने वाली पीढ़ी स्वस्थ रहें, फिट रहें इसकी चिंता एवं चिंतन सरकार द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जीवन में खेल का बड़ा महत्व है, क्योंकि खेल विधाओं से ही खिलाड़ियों के भविष्य की दशा और दिशा तय होती है। विधायक ने उपस्थित सभी खिलाड़ियों व विद्यार्थियों को नसीहत देते हुए कहा कि वे सोशल मीडिया में व्यस्त रहने के बजाय खेलों में अपना भरपूर समय दें और राज्य, देश और विदेश में अपने हुनर के जरिए कांकेर जिले की पहचान स्थापित करें। छत्तीसगढ़ मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा ने मेजर ध्यानचंद की जीवनचर्या पर प्रकाश डालते हुए जिले के खिलाड़ियों को विभिन्न खेल विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की बात कही। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने बताया कि कांकेर जिले के खिलाड़ी विभिन्न खेलों में बेहतर प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। उन्होंने खेलों को प्रोत्साहित करने खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सौजन्य से जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी तथा भविष्य में भी आवश्यक सहयोग करने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर राज्य हस्तशिल्प बोर्ड की अध्यक्ष शालिनी राजपूत, पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले सहित जिला पंचायत के सीईओ हरेश मंडावी, एसडीएम कांकेर अरूण वर्मा, महेश जैन के अलावा विद्यार्थी, शिक्षक और विभिन्न खेल विधाओं के खिलाड़ी मौजूद रहे।

## मेधावी छात्र-छात्राओं का दमकसा हायर सेकंडरी में किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्गुकोंदल

हायर सेकेंडरी स्कूल दमकसा के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर पूजन-अर्चना के साथ हुई। इसके बाद अतिथियों का पुष्पगुच्छ और हार से स्वागत किया गया। विद्यार्थियों ने मनमोहक स्वागत गीत प्रस्तुत कर समारोह को और आकर्षक बनाया। कक्षा 10 वीं में पिंकेश्वरी और अविनाश ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, वहीं कक्षा 12 वीं में हितेश्वरी और मौसमी जैन ने शाला का नाम रोशन किया। प्राथमिक स्तर पर संकुल से 3 विद्यार्थियों ने नवोदय और 12 विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा में सफलता प्राप्त की। यह उपलब्धि खंड शिक्षा अधिकारी एसपी कोसरे और सहायक खंड शिक्षा अधिकारी अंजनी मंडावी के मार्गदर्शन में संभव हुई। प्राचार्य ने आशा व्यक्त की कि इस वर्ष भी शिक्षक और विद्यार्थी कड़ी मेहनत से उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि 10 हजार, मेडल और प्रशस्ति पत्र से अतिथियों ने किया सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सरगुजा आयुक्त नरेंद्र दुग्गा, विशेष अतिथियों में गोंडी धर्माचार्य एवं समाजसेवक शेरसिंह आंचला, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र देहारी, पूर्व सरपंच तोरण दुग्गा और शंकर बोगा व अन्य लोग उपस्थित रहें।

## तरान्दुल में प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी के लिए कार्यशाला आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

वनांचल पहाड़ी पर स्थित शासकीय उच्चतर विद्यालय तरान्दुल में प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी संबंधी कार्यशाला का आयोजन किया गया। आगामी दिनों में बच्चों को प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करने एवं उनके मन में प्रतियोगिता परीक्षा के डर को दूर करने के उद्देश्य से भानुप्रतापपुर के सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी मुकेश सोनवानी के मुख्य आतिथ्य एवं प्राचार्य चन्द्रकान्त साहू की अध्यक्षता में कार्यशाला का आयोजन किया गया।

एबीईओ सोनवानी द्वारा कक्षा दसवीं एवं 12वीं के छात्र छात्राओं को प्रतियोगिता परीक्षा के भय को दूर करने एवं बोर्ड परीक्षा की तैयारी कैसे करें जानकारी देते हुए कहा कि सफलता का आनंद तभी होता है जब उसे पाने के लिए संघर्ष किया हो और कई बार असफलता मिली हो। कई बार की असफलता न केवल सफलता की अहमियत समझाती है, बल्कि हर स्थिति के लिए तैयार भी करती है। कक्षा आठवीं 10वीं एवं 12वीं के छात्र छात्राओं को समय प्रबंधन, समय सारणी, परीक्षा के भय को दूर करना, तनाव को दूर करना, लक्ष्य निर्धारित कर अध्ययन करना, कार्ययोजना बनाकर पढ़ाई करना जैसे बिंदुओं पर ध्यानाकर्षित करते हुए विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान किया, जिससे बच्चों में एक अलग सा उत्साह नजर आ रहा था। इस अवसर संकुल समन्वयक धर्मेंद्र नायक, व्याख्याता देवनाथ कोरेटी, विष्णु जुर्री, राजेंद्र रावटे, प्रवीण कुमार कोर्राम, कुसुमलता रंगारे, ठाकुर राम कुल्हारे, नासिर मोहम्मद, चंद्रकांत हिरवानी, धर्मेन्द्र नायक, देवलाल मानकर, मोहनलाल नाग , योनेद्र सिंह कौमार्य, डिकेश साहू, एवन देवांगन, भरत शर्मा, गंगदेव कांगे, डेमन लाल साहू, आधार सिंह दुग्गा, डिकेश नाग, नन्द किशोर नुरेटी और छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## एनएचएम स्वास्थ्य कर्मचारियों का फूटा गुस्सा, रैली निकाल कर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर



राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारियों का आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा। धरना स्थल पर राष्ट्रगान एवं छत्तीसगढ़ राजकिय गीत से शुरुवात की गई। उसके उपरांत संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी ब्लॉक दिनों-दिन अपने 10 सूत्रीय मांगों को लेकर 12 वें दिन धरनास्थल मिनी स्टेडियम से पुरानी बस स्टैंड, हनुमान मंदिर, कोलमदेव क्लब, सेन चौक, पुराना बस स्टैंड होते हुए छत्तीसगढ़ से लापता मोदी की गारंटी खोज का प्रदर्शन करते हुए बैला गाड़ी से रैली निकालकर आंदोलन और तेज कर दिया है।

बैला गाड़ी रैली के माध्यम से शहर के व्यापारियों को मोदी की गारंटी खोज की पाम्पलेट को लेकर नगर में घूम-घूम कर प्रदर्शन किया तथा छत्तीसगढ़ी सुवा गीत नाच कर प्रदर्शन करते हुए अनोखा प्रदर्शन किया गया। वहीं दूसरी तरफ वर्षो से अस्पतालों में सेवाएँ दे रहे कर्मचारियों की हालत देख जनता में सहानुभूति की लहर है। लोग सरकार से मांगों को तुरंत पूरा करने की माँग कर रहे हैं। संघ ने कहा जब तक 10 सूत्रीय मांगों पर लिखित आदेश नहीं, हड़ताल अनवरत जारी रहेगा। कर्मचारियों का आरोप है कि सरकार 10 में से 5 मांगें पूरी होने का दावा कर रही है, लेकिन एक भी लिखित आदेश जारी नहीं हुआ। स्वास्थ्य मंत्री जिन 5 मांगों को पूरी करने की बात कही जा रही हैं उन मांगों को भी अपने मुखारबिंद से मुखरित नहीं कर पा रहे हैं। मंत्री को अधिकारियों द्वारा गुमराह करने का सनसनीखेज आरोप लगाते हुए कर्मचारियों ने इसे धोखे की साजिश करार दिया। एनएचएम कर्मचारी संघ ने आंदोलन को रायपुर तक ले जाने और उग्र प्रदर्शन की चेतावनी दी है। जिले के समस्त विकास खण्ड के स्वास्थ्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### स्वास्थ्य कर्मचारियों की बेमियादी हड़ताल जारी

**जगदलपुर।** एनएचएम कर्मचारी संघ नियमितीकरण, सविलियन, ग्रेड पे, लंबित 27 फीसदी वेतन वृद्धि सहित 10 सूत्रीय मांगों को लेकर चल रहा अनिश्चितकालीन आंदोलन लगातार 12 वें दिन भी जारी रहा। एनएचएम कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष श्रीमती शकुंतला जंगले ने बताया कि एनएचएम संघ बस्तर जिला के पदाधिकारियों ने गुरूवार को शहर के सर्किट हाउस में वन मंत्री केदार कश्यप, एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, विधायक किरण सिंह देव से मुलाकात कर मांगों का पृथक-पृथक ज्ञापन दिया गया। दोनों ने संघ के पदाधिकारियों को ज्ञापन में अंकित मांगों को पूरा करने के लिए संघ को आश्वस्त किया गया।

### 10 ग्राहकों को दिए एटीएम कार्ड

**जगदलपुर।** आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएं कुलदीप शर्मा ने शुक्रवार को जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित का औचक निरीक्षण गया। इस दौरान उन्होंने शाखा में उपस्थित खातेदारों एवं हितग्राहियों से संवाद कर बैंक द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली तथा 10 हितग्राहियों को एटीएम कार्ड प्रदान कर उन्हें डिजिटल लेनदेन हेतु प्रोत्साहित किया ।

## पेज 11 के शेष...

**बड़गांव पीएचसी में...**
परिजन बना रहे थे, तो उनका यहीं कहना था कि वीडियो क्यों बना रहे हो, वीडियो नहीं बनाना है, वहीं मरीज के परिजनों का कहना था कि आप जिस ढंग से बात कर रह है, इसलिए आपका वीडियो बनाना जरूरी है। मरीज के परिजनों एवं आरएमए के मध्य जो संवाद हो रहा है, उसमें यह संवाद हो रहा है कि यह केश मै नही देख रहा हूं, मैडम देख रही है, जो केश दर्ज किया है वही देखेगा। आदमी का परेशानी रहता है भैया, कोई कार्डियां करेस्ट का पेसेंट आया है, सही बता रहा है या गलत बता रहा है, यह निर्णय लेना मेरा काम है। इस तरह का संवाद चल रहा था। सोशल मीडिया में वायरल वीडियो की पुष्टि हरिभूमि नहीं करता है।

**राष्ट्रीय खेल दिवस...**
पहला और जितेंद्र कोमरा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में माड़िया दल की दिव्या ने प्रथम, युक्ति ने द्वितीय और चित्रकोट दल की निशा मंडावी ने तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं रस्सा-कस्सी के फाइनल में बालिका वर्ग में चित्रकोट दल और धुरवा दल आमने-सामने होंगे, जबकि बालक वर्ग में इंद्रावती दल और माड़िया दल के बीच मुकाबला होगा। निकेश सिंह ठाकुर ने महाविद्यालय के खिलाड़ियों के लिए जर्सी भेंट किया। इस आयोजन में जनभागीदारी समिति के सदस्य हितेश तिवारी, रामबाई गोटा, सतीश श्रीवास, कमल किशोर प्रधान, रितेश कुमार नाग, सुषमा चालकी व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

**घर आंगन से ...**
परछी पर नही था, जिसका पता तलाश किया, लेकिन कोई पता नही चला। मेरा मोटर सायकल जिसकी कीमत 35 हजार रूपएं को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 303 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

**अवैध फर्नीचर वन...**
राहुल देव ठाकुर कर रहे हैं। जाँच के बाद ही खुलासा हो पाएगा कि आरोपी बीजा की लकड़ी कहाँ से किस माध्यम से प्राप्त किया था। सबूत मिलने पर अन्य लोगों को भी आरोपी बनाया जा सकता है। वन परिक्षेत्र अधिकारी देवदत्त तारम ने बताया कि अवैध रूप से लकड़ी काटकर व्यवसाय करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी। कार्यवाही के दौरान कापसी वन परिक्षेत्र अधिकारी देवदत्त तारम, प्रशिक्षु वन क्षेत्रपाल राहुल देव ठाकुर और ऋतु साहू, वनपाल लुढ़पा राम भगत, धर्मेंद्र कुमार निषाद, कविता नरेटी, प्रीति दुग्गा वनरक्षक, गनेश्वरी राणा वनरक्षक, प्रभा तारम वनरक्षक, रविकुमार नेताम वनरक्षक, पुष्पेंद्र यादव वनरक्षक, अनिल कुमार नेताम वाहन चालक, विकास तरपदार दैनिक सुरक्षा श्रमिक शामिल रहे।

**सीसी सड़क निर्माण...**
शुरू हुआ, पूर्णता तिथि के 18 अगस्त तक भी कार्य पूर्ण नहीं हो पाया। सड़क की स्थिति खराब होने के चलते पीडीएस राशन कोंदागांव नहीं पहुंचने के कारण ग्राम से 1 किलो मीटर दूर कुहचे से राशन उठाव का कार्य किया जा रहा है, जिससे दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही शाउमा विद्यालय कोंदागांव का मुख्य पहुंच मार्ग एक होने के चलते संस्थाओं एवं कार्यरत शिक्षक व शिक्षिकाओं एवं अन्य कर्मचारियो को 300 मीटर दूर ही अपने सायकल व वाहन खड़े कर पैदल चलना पड़ रहा है। जबकि कार्य पूर्ण करने की तिथि 7 अगस्त 2025 तक थी, किंतु अब तक अधूरा है। उसे पूर्ण कराते हुए उक्त गुणवत्ताहीन सीसी सड़क की जांच करने कहा गया है । अधूरे सीसी सड़क को लेकर लगातार संज्ञान में लाया जा रहा है, किंतु संबंधित अधिकारी गंभीर नजर न हीं आ रहे है।

**आदर्श कालेज में ...**
मेजर ध्यानचंद के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में क्रीड़ा अधिकारी नीरज कुमार पटेल ने मेजर ध्यानचंद के जीवन खेल हॉकी व जीवन हॉकी का जादूगर उपलब्धियों पर विस्तार पूर्वक छात्र-छात्राओं को जानकारी दी। महाविद्यालय में समस्त विद्यार्थियों की बीच कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विजेता छात्र-छात्राओं को डायरी एवं पेन दिया गया।

**बच्चे देश के...**
एक कड़ी है, जिसका उद्देश्य है, स्वस्थ बचपन, सुरक्षित भविष्य। विधायक ने जिले के हर माता पिता से अपील करते हुए कहा कि अपने 9 माह से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को विटामिन ए की खुराम 6 माह के अंतरात में अवश्य पिलाएं। नियमित टीकाकरण निर्धारित समयानुसार नजदीक के आँगनबाड़ी केंद्र में जरूर करवाएं। उम्र के अनुसार बच्चों का वजन न बढ़ने पर कुपोषण केंद्र में भर्ती कर बच्चों को उपचार करवाए जाने की सलाह दिया।

# विधायक ने बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात कर कपडे, कंबल व राशन सामान दिए

**बाढ़ त्रासदी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



जिले में अतिवर्षा के जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। कई गांव बाढ़ की चपेट में आ गए हैं और लोग राहत शिविर में रहने को मजबूर हैं।

विधायक चैतराम अटामी गीदम ब्लॉक के बारसूर, हितामेटा, मांडेर नाला, समलूर, बिन्जाम, सियानार, बड़े तुमनार, बांगापाल, फुंडरी गीदम हारम के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र पहुंचे एवं पीड़ितों से मुलाकात कर उन्हें हर संभव मदद प्रदाय करने की बात कही। तत्पश्चात राहत शिविर पहुंचे और निरिक्षण कर मुलभुत सुविधाएं तत्काल प्रदाय किये जाने हेतु प्रशासनिक अधिकारियों से चर्चा कर निर्देशित किया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष दंतेवाड़ा संतोष गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष दंतेवाड़ा नंदलाल मुडामी, पार्षद विनोद साहू, जसबीर नेगी समेत समस्त भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

### हर संभव मदद मिलेगी : अटामी

विधायक चैतराम अटामी ने बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना एवं हालचाल जाना। विधायक ने कल भी जिले के विभिन्न बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा किया था। उन्होंने वहां की स्थिति का जायजा लेते हुए प्रशासन को राहत एवं सुरक्षा व्यवस्था में तेजी लाने के निर्देश दिए थे। भारी बारिश से जब दंतेश्वरी मंदिर के आसपास का क्षेत्र व हारम ग्राम जब पूरी तरह टापू में तब्दील हो गया था, उस वक्त सुबह से देर रात तक विधायक ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ नगर वासियों व ग्रामीणों को सुरक्षित निकालकर राहत शिविरों तक पहुंचाया। राहत शिविर में ठहरे ग्रामीणों को विश्वास दिलाया कि हर संभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी और किसी भी पीड़ित को असुविधा नहीं होने दी जाएगी। साथ ही उन्होंने कपडे, कंबल एवं राशन सामग्री आदि का वितरण किया।

## खबर संक्षेप



**भानपुरी।** करनदोला में विराजे गणपति।

### मदद के लिए बढ़े हाथ



**लोहंडीगुड़ा।** लोहंडीगुड़ा क्षेत्र में अतिवृष्टि से आई बाढ़ ने ग्राम पंचायत मांदर, पारापुर और नेगानार के कई ग्रामीणों को प्रभावित किया है। संकट की इस घड़ी में प्रशासन के साथ-साथ जनप्रतिनिधि, व्यापारी और आम नागरिक भी आगे आकर राहत कार्यों में योगदान दे रहे हैं। जिससे जैसी मदद संभव हो रही है चाहे भोजन, कपड़े, दवाई या आर्थिक सहयोग लोग स्वेच्छा से उपलब्ध करा रहे हैं। स्थानीय स्तर पर चल रही यह सामूहिक पहल प्रभावित परिवारों के लिए बड़ी राहत बन रही है।

### पोटाकेबिन पाकेला में बच्चों का प्रदर्शन हुआ शांत



**सुकमा।** पोटाकेबिन पकेला में पूर्व में पदस्थ अधीक्षक को हटाए जाने के विरोध में बच्चों द्वारा किए जा रहे प्रदर्शन को जिला प्रशासन ने संवेदनशील पहल और समझाईश से शांत करा दिया। उल्लेखनीय है कि गुरूवार को पोटाकेबीन पाकेला के छात्रों ने अधीक्षक को हटाने के विरोध में पोटाकेबिन के मुख्य द्वार पर ताला जड़ दिया था। बच्चों को समझाने के लिए मौके पर पहुंचे जिला स्तरीय अधिकारी और जनप्रतिनिधियों ने उनकी बातें सुनीं और आश्वासन दिया कि उनकी शिक्षा व्यवस्था किसी भी प्रकार से प्रभावित नहीं होगी। प्रशासन की समझाईश के बाद बच्चों ने प्रदर्शन समाप्त कर दिया। स्थिति सामान्य होने के पश्चात एसडीएम छिंदगढ़ विजय प्रताप खेस और तहसीलदार इरशाद अहमद ने बच्चों के साथ बैठकर भोजन भी किया। इससे न केवल बच्चों का उत्साह बढ़ा, बल्कि प्रशासन और विद्यार्थियों के बीच आपसी विश्वास भी मजबूत हुआ।

## विधायक ने ग्राम पंचायत क्षेत्रों का किया निरीक्षण

# बुनियादी ढांचे को हुआ 1000 करोड़ से अधिक का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा



चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र के विधायक विनायक गोयल ने क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों का सघन दौरा किया और वहां की जमीनी हकीकत का निरीक्षण किया। इस दौरे के दौरान उन्होंने ग्रामीण अंचलों में भारी बारिश एवं प्राकृतिक आपदाओं से हुए व्यापक नुकसान का जायजा लिया।

- क्षेत्रवासियों से सीधा संवाद कर ग्रामीणों की पीड़ा को जाना

ग्राम पंचायतों में टूटे हुए आवागमन मार्ग, क्षतिग्रस्त पुल-पुलिया, ध्वस्त सड़कें और अवरुद्ध रास्तों को देखकर गहरी चिंता व्यक्त की। क्षेत्रवासियों से सीधा संवाद कर उन्होंने ग्रामीणों की पीड़ा को जाना और समस्याओं के त्वरित समाधान का भरोसा दिलाया। प्रारंभिक आंकलन के अनुसार, क्षेत्र में हुए इस बुनियादी ढांचे के नुकसान की अनुमानित लागत 1000 करोड़ रुपए से अधिक आंकी जा रही है। विधायक गोयल ने कहा चित्रकोट विधानसभा का हर नागरिक मेरी प्राथमिकता है। मैं सरकार एवं प्रशासन से आग्रह करूंगा कि इस आपदा को विशेष परिस्थिति घोषित कर अधिकतम राहत और पुर्ननिर्माण सहायता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि पीड़ित क्षेत्रों के पुर्नविकास के लिए विशेष पैकेज की मांग राज्य सरकार से की जाएगी ताकि प्रभावित क्षेत्रों में यातायात पुनः सुचारू हो सके और जनजीवन सामान्य स्थिति में लौटे।

इस मौके पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, पंचायत सचिव और ग्रामीणों की उपस्थिति रही। जिन्होंने विधायक को क्षेत्र की स्थिति से अवगत कराया।

विधायक ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया है कि राहत कार्यों में किसी भी प्रकार की देरी न हो और हर ग्राम पंचायत में त्वरित सर्वे कर बहाल कार्य प्रारंभ किए जाएं। यह दौरा न केवल एक औपचारिकता था, बल्कि जनता के साथ आत्मीयता से जुड़े एक जनसेवक का प्रयास था, जो चित्रकोट के चहुंमुखी विकास हेतु सतत संकल्पित है।

### केंद्रीय प्रभारी अधिकारी आकांक्षी जिला का प्रवास



**बीजापुर।** केंद्रीय प्रभारी अधिकारी आकांक्षी जिला अन्बलगन पी ने बीजापुर प्रवास के दौरान आकांक्षी ब्लॉक उसूर का भ्रमण करते हुए उसूर ब्लॉक के आदर्श कृषक सुप्रीयम एक्का के कृषि कार्यों का अवलोकन किया। दुगईगुड़ा निवासी सुप्रीयम एक्का कृषि, उद्यानिकी, मत्स्य पालन, क्रेडा एवं पशुपालन विभाग के विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित होकर अपने साढ़े तीन एकड़ कृषि भूमि से बागवानी फसल, धान, मत्स्य पालन सहित कड़कनाथ मुर्गी पालन का कार्य कर रहा है। उन्हें विभिन्न विभागों से डीजल पंप, कुआं, किसान क्रेडिट कार्ड, नलकूप खनन, स्प्रिंकलर एवं ड्रीप, सोलर प्लेट, उड़द बीज, भिंडी, ग्राफ्टेड, बैगन, टमाटर, बरबटी, बीज वितरण किया गया। वर्तमान में भिंडी, करेला, तोरई, बरबट्टी, देशी किस्म के खेखसी सहित विभिन्न बागवानी फसलों के उत्पादन से आर्थिक समृद्धि की ओर अग्रसर हैं। केंद्रीय प्रभारी अधिकारी अन्बलगन पी ने उनके फसल उत्पादन बाजार एवं आर्थिक गतिविधियों की जानकारी लेकर मेहनत और लगन से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## संयुक्त संचालक ने पेयजल व्यवस्था बहाली करने दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

गीदम ब्लॉक के नगर पंचायत बारसूर में आये बाढ़ त्रासदी से मांढर नाला में बाढ़ से पुल बहने के कारण इनटेक वेल से डब्लूटीपी तक बिछाये पाइप लाइन नाला के पास क्षतिग्रस्त हो गया जिसके कारण नगर में पेयजल व्यवस्था चरमरा गयी। नगर में आये बाढ़ के कारण नगर पंचायत बारसूर में पेयजल व्यवस्था पूरी तरह से ठप्प है। नगर में पेयजल व्यवस्था उपलब्ध कराने हेतु बस्तर संभाग के संयुक्त संचालक जयंत सिंहा बारसूर पहुंचकर बहाली हेतु विशेष निर्देश तकनीकी अमले को दिए गए और आवश्यक जानकारी ली गई है।

मामले को गंभीरता से लेकर नल जल अधिकारी कर्मचारी को वैकल्पिक व्यवस्था हेतु 3 बोर प्वाइंट में मोटर पंप स्थापित कर और 1 कुएं में मोटर स्थापित कर पाइप लाइन से जोड़कर पानी सप्लाई के कार्य जल्द से जल्द करने के निर्देश दिए गए साथ ही पीडीएमसी टीम को प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। बस्तर संभाग के संयुक्त संचालक जयंत सिंहा सतत निगरानी बनाए हुए है।

इस दौरान सहायक संचालक पुरानिक सिंह ध्रुव, बारसूर नगर पंचायत की अध्यक्ष सुभद्रा नेगी, बारसूर सीएमओ गिरीश तिवारी, नगर पंचायत गीदम के सीएमओ हुलसी प्रधान एवं नगर पंचायत गीदम के अभियंता मुकेश कोर्राम बारसूर के अभियंता गिरजा शंकर परते, पवन ध्रुव लेखापाल, अंकित जैन, राजेश पुजारी एवं समस्त नल जल कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नुआखाई हमें मातृभूमि और अपनी जड़ों से जोड़ता है : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा



बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने शुक्रवार को अपने गृहग्राम गिरोला पहुंचकर सहपरिवार पारंपरिक नुआखाई पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर उन्होंने सर्वप्रथम अपने घर की कुलदेवी माता हिंगलाजिन की पूजा-अर्चना कर परिवार और क्षेत्रवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की।

- विधायक ने गृहग्राम गिरोला में मनाया नुआखाई पर्व

पूजा-अर्चना के बाद विधायक ने नई फसल का अन्न ग्रहण कर नुआखाई पर्व की परंपरा का निर्वहन किया। उन्होंने कहा कि नुआखाई केवल एक त्योहार ही नहीं बल्कि यह बस्तर की संस्कृति और किसानों की मेहनत का प्रतीक है। यह पर्व हमें मातृभूमि और अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य करता है।

इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी कुशलक्षेम पूछी तथा सबको नुआखाई की शुभकामनाएं दीं। विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों और ग्रामीणों की खुशहाली के लिए प्रतिबद्ध है तथा परंपरागत त्योहारों के संरक्षण के लिए हर संभव प्रयास जारी रहेगा।

# शाला में मेधावी छात्राओं का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोण्ड



छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की 25वीं रजत जयंती वर्ष के अवसर पर विकासखंड बस्तर स्थित माध्यमिक शाला कुड़कानार में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत आज एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में कक्षा 5वीं से 8वीं तक की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शाला में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को केनरा बैंक, घाट पदमूर शाखा द्वारा प्रतीकात्मक चेक प्रदान किए गए और उनके बचत खातों में राशि जमा की गई। विशेष उपलब्धि के रूप में कक्षा 8वीं की छात्रा ज्योति कश्यप, पुत्री महेश कश्यप, ने संकुल स्तर पर प्रथम स्थान अर्जित कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। उन्हें विशेष सम्मान प्रदान किया गया।

सम्मान प्राप्त करने वाली अन्य छात्राओं में अनीता कश्यप, गंगोत्री बघेल एवं सरस्वती बघेल को 3 हजार , ज्योति कश्यप एवं रानू नाग को संयुक्त रूप से 5 हजार प्रदान किए गए। इन सभी को श्रीराम तिवारी, शाखा प्रबंधक, केनरा बैंक घाट पदमूर द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एक शपथ ग्रहण समारोह भी आयोजित किया गया, जिसमें उपस्थित छात्राओं, अभिभावकों व अधिकारियों को नारी सशक्तिकरण, शिक्षा के प्रति समर्पण और सामाजिक दायित्वों के निर्वहन की शपथ दिलाई गई।

इस विशेष अवसर पर ग्राम पंचायत कुड़कानार की सरपंच सामो कश्यप, उपसरपंच हेमनाथ पटेल, संकुल शैक्षिक समन्वयक आयतू राम पांडे, प्रधान अध्यापक धीरेन्द्र यादव, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दया राम बघेल, सदस्य भुवनेश्वर ठाकुर, राम बती बघेल, पीलू राम कश्यप, एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। इस आयोजन का उद्देश्य नारी शिक्षा को प्रोत्साहन, छात्राओं में आत्मविश्वास का संचार तथा समाज में बेटियों की सशक्त भूमिका को बढ़ावा देना रहा।

# प्रभारी सचिव ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



बस्तर संभाग में लगातार बारिश के कारण बाढ़ की स्थिति निर्मित हुई जिसके चलते प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बस्तर संभाग के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का समीक्षा कर जिले के प्रभारी सचिवों को वस्तुस्थिति का जायजा लेने के निर्देश दिए हैं।

उक्त निर्देश के अनुपालन में बीजापुर जिले के प्रभारी सचिव डॉ. सारांश मित्तर ने बीजापुर जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का भ्रमण कर बाढ़ पीड़ितों से मिले। बीजापुर जिले में भैरमगढ़ क्षेत्र बाढ़ से प्रभावित हुआ है जिसमें ग्राम सुरोखी के 18 परिवार प्रभावित हुए हैं जिसे राहत शिविर में जिला प्रशासन द्वारा सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। बाढ़ से सुरोखी गांव के 18 परिवार के सभी घर पूर्णतः क्षतिग्रस्त हो चुके है। प्रभारी सचिव ने पीड़ित परिवारों से मिलकर शासन द्वारा हर संभव मदद समय-सीमा में उपलब्ध कराने के लिए आश्वस्त किए वहीं ग्रामीणों से गांव की वस्तुस्थिति की जानकारी लेकर बाढ़ से हुए नुकसानो की जल्द भरपाई करने का भरोसा दिलाया जिसमें सोलर ड्युल पंप को साफ सफाई कराने शुद्ध पेय जल की आपूर्ति सुनिश्चित करने ग्रामीणों की मांग पर सड़क की मरम्मत कार्य कराने की बात कही मौके पर मौजूद मेडिकल टीम से स्वास्थ्य जांच के बारे में जानकारी ली। डॉ. मित्तर ने राहत शिविर में मौजूद महिलाओं और बच्चों के सुरक्षा को विशेष ध्यान रखने को कहा। वहीं प्रभावित सभी परिवारों को भी एक दूसरे की मदद कर परस्पर सहयोग की भावना से रहने की अपील की। इस दौरान कलेक्टर संबित मिश्रा ने बाढ़ पीड़ितों को हर संभव मदद दिए जाने की जानकारी देते हुए बताया कि बाढ़ से नुकसान का सर्वे भी पूर्ण करा लिया गया है जल्द ही आरबीसी 6-4 के तहत मुआवजा राशि स्वीकृत करने की बात कही। मौके पर मौजूद स्थानीय जनप्रतिनिधि सरपंच ,उपसरपंच गांव के वस्तुस्थिति से अवगत कराया।

### जिले के प्रवास पर रहेंगे प्रभारी सचिव

**सुकमा।** सुकमा जिले के प्रभारी सचिव श्याम लाल धावड़े 30 अगस्त को जिले के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे जिले में संचालित शासकीय योजनाओं और विकास



कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करेंगे। यह दौरा जिले में तेजी से और गुणवत्तापूर्ण विकास सुनिश्चित करने की दिशा में अहम माना जा रहा है। बैठक में विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी उपस्थित रहेंगे और योजनाओं की प्रगति, चुनौतियों तथा आगामी कार्ययोजना पर चर्चा होगी। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने बताया कि सचिव धावड़े का यह प्रवास जिले की प्राथमिकताओं को मजबूती देने और आमजन तक योजनाओं का लाभ समयबद्ध पहुँचाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण होगा।

### राहत शिविर...



**दंतेवाड़ा।** जिला प्रशासन तथा निकाय अमले के साथ स्वामी आत्मानंद हिन्दी मीडियम हाई स्कूल आवरा भाटा प्राचार्य श्रीमती सुनीता गोस्वामी ने बाढ़ राहत कार्य के भोजन व्यवस्था में सहयोग प्रदान किया।

# वन महोत्सव में 200 पौधों का किया रोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



अनुसंधान एवं विस्तार वनमंडल तथा सामाजिक वानिकी वनमंडल द्वारा जिला स्तरीय एक पेड़ मां के नाम योजना के अंतर्गत वन महोत्सव गुरूवार को ग्राम जामावाड़ा स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम शाला परिसर में किया गया।

- महोत्सव में शामिल हुए स्कूली बच्चे व ग्रामीण

विद्यालय प्रांगण हरे-भरे पौधों से आच्छादित हो गया और छात्र-छात्राओं तथा स्थानीय नागरिकों ने बड़े उत्साह से भागीदारी की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण सिंह देव, विधायक चित्रकोट विनायक गोयल एवं बेवरेज कॉरपोरेशन अध्यक्ष श्रीनिवास मद्दी उपस्थित रहे। इसके साथ ही मुख्य वन संरक्षक आरसी दुग्गा, वन मंडलाधिकारी श्रीमती शमा फारूकी, उत्तम कुमार गुप्ता, सहायक वन संरक्षक दिलीप कुमार सिन्हा, परिक्षेत्र अधिकारी मोहम्मद सलीम एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष, सदस्य, सरपंच-उप सरपंच, शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं एवं हितग्राही भी उपस्थित रहे। वन महोत्सव के अंतर्गत 200 पौधों का रोपण किया गया, जिनमें कपूर, रूद्राक्ष, आम, चीकू, मौलश्री, आंवला, कटहल, बेल, अनार और जामुन जैसी प्रजातियां शामिल थीं। किसान वृक्ष मित्र योजना के अंतर्गत चयनित 23 हितग्राहियों को 2 लाख 54 हजार 326 रुपए की प्रोत्साहन राशि डमी चेक के माध्यम से वितरित की गई।

लाभान्वित हितग्राहियों ने शासन एवं विभाग के प्रति आभार जताया। वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि वन महोत्सव केवल पौधारोपण का आयोजन नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित पर्यावरण का संकल्प है। वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं और इनके संरक्षण से ही स्वच्छ वायु, जलवायु संतुलन और हरित भविष्य संभव है। इस महोत्सव को एक दिन का कार्यक्रम न मानकर इसे जनआंदोलन का रूप देना होगा।

# गणपति बप्पा मोरया के जयकारे के साथ प्रतिदिन होंगे रामायण पाठ और अनुष्ठान



**सरोना।** तहसील सरोना अंतर्गत ग्राम पेंड्रावन चिहारीपारा में गणेश चतुर्थी का पर्व बड़े हर्षोल्लास और भक्ति भाव के साथ मनाया जा रहा है। ग्रामीणों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों और विधि-विधान के साथ गणपति बप्पा की प्रतिमा की स्थापना किया। इस अवसर पर पूरे गांव का वातावरण भक्तिमय हो उठा और गली-गली गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से गूंजने लगा। गांव के बुजुर्गों और युवाओं ने मिलकर इस आयोजन को विशेष बनाने की जिम्मेदारी संभाली। मूर्ति स्थापना के बाद ग्रामीणों ने बताया कि अगले 11 दिनों तक गणपति बप्पा के मंदिर में प्रतिदिन रामायण पाठ का आयोजन किया जाएगा। सुबह और शाम नियमित आरती के साथ ही भजन-कीर्तन भी आयोजित होंगे। इन आयोजनों में न केवल गांव के लोग बल्कि आसपास के ग्रामीण भी उत्साहपूर्वक शामिल होंगे। महिलाओं ने पूजा-पाठ और प्रसाद वितरण की तैयारी में अहम भूमिका निभाई है। पारंपरिक तरीके से गणपति बप्पा के स्वागत के लिए सुंदर सजावट और भक्ति गीतों की प्रस्तुति की योजना बनाई है। वहीं गांव के बच्चे सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से आयोजन को और भी जीवंत बनाने में जुटे हुए हैं। गांव में प्रतिदिन धार्मिक माहौल रहेगा, जहां रामायण पाठ के साथ भक्ति गीत, सामूहिक भजन, कीर्तन और प्रसाद वितरण होगा। अंतिम दिन गणपति विसर्जन के अवसर पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। ढोल-नगाड़ों और आतिशबाजी के बीच पूरे श्रद्धा भाव के साथ गणपति बप्पा को विदाई दी जाएगी। ग्रामीणों का कहना है कि गणेश उत्सव गांव में धार्मिक आस्था के साथ-साथ भाईचारे और सामाजिक एकता को मजबूत करता है। उनका विश्वास है कि गणपति बप्पा की कृपा से पूरे गांव में सुख-शांति और समृद्धि का वास होगा।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

**उद्घोषणा**

**ग्राम-शामतरा तहसील सरोना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक अभिमन्यु कुंवर पिता हलाल खोर कुंवर, जाति कलार, निवासी ग्राम शामतरा, तहसील सरोना, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.) द्वारा ग्राम शामतरा, तहसील सरोना स्थित उनके भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 650/3 रकबा 0.0800 हे. भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन व्यपवर्तन हेतु आवेदन पेश किया गया है, जो कि इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 15/09/2025 को उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
कांकेर जिला उ.ब.कांकेर (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### राऊरवाही आंबा जर्जर ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम राऊरवाही में स्थित आँगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 02 की जर्जर स्थिति को लेकर ग्रामीणों ने महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी रिगबत्ती वट्टी को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि भवन की दीवारें कमजोर हो चुकी हैं और किचन शेड पर पेड़ गिरने के कारण वह भी क्षतिग्रस्त हो गया है। ग्रामीणों ने ज्ञापन में नए भवन और किचन शेड के पुनर्निर्माण की मांग की है। उनका कहना है कि आँगनबाड़ी केंद्र बच्चों के पोषण और शिक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, और इसके लिए सुरक्षित भवन का होना आवश्यक है। ज्ञापन सौंपने वाले सरपंच बलराम टेपरिया, भरत निषाद, नरेश कोमरा, पपीत गावड़े, नाथूराम नरेटी, बिदेसिंह दुग्गा व रमेश कोमरा शामिल रहे।

### अज्ञात का मिला शव इलाके में सनसनी

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत अज्ञात व्यक्ति का शव खेत की फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिलने पर ईलाके में सनसनी फैल गई है। लारगांव मरकाटोला निवासी सुकचंद नेताम ने पुलिस को बताया कि 28 अगस्त को खेत की ओर ईमली पेड़ में कोई अज्ञात व्यक्ति का शव फांसी पर लटका हुआ है। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पीएम करवाया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### राज्य स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता सरोना में

**सरोना।** नरहरपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम सरोना गणेश उत्सव के पावन अवसर पर एक अलग ही रंग और उल्लास देखने को मिलेगा। शिव शक्ति गणेश उत्सव समिति सरोना के तत्वावधान में राज्य स्तरीय भव्य डीजे डांस प्रतियोगिता का 2 सितंबर मंगलवार को सरोना के मंडी प्रांगण में रात्रिकालीन कार्यक्रम के रूप में आयोजित होगी।

### चारामा में हुआ उपभोक्ता जागरुकता शिविर

**कांकेर।** जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा तहसील चारामा में उपभोक्ता जागरूकता शिविर का आयोजन 29 को किया गया जिसमें आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल द्वारा ई हियरिंग एवं ई-फाइलिंग के संबंध में विस्तार से बताते हुए कहा कि अब आमजन को उपभोक्ता कानून का लाभ प्राप्त करने के लिए जिला आयोग की दूरी तय नहीं करना पड़ेगी और आप घर बैठे ही जागृति पोर्टल के द्वारा अपने मोबाइल के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।

### देश को विकसित राष्ट्र बनाने में किसानों की मुख्य भूमिका : सांसद नाग

# कृषि देवता भगवान बलराम की जयंती किसान दिवस के रूप में मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



कृषि विज्ञान केंद्र, कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग एवं उद्यान विभाग जिला कांकेर के संयुक्त तत्वाधान में कृषि के देवता माने जाने वाले भगवान बलराम की जयंती 29 अगस्त को किसान दिवस के रूप में कृषि विज्ञान केंद्र में मनाया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम भगवान बलराम एवं भगवान गणेश का पूजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद भोजराज नाग ने कहा कि किसान को जीरो बजट खेती की ओर अग्रसर होना होगा, इसके लिए प्राकृतिक खेती को पूर्णतः अपनाना आवश्यक है। प्राकृतिक एवं गौ आधारित खेती में कीट तथा बीमारियों का प्रकोप कम होता है। देश को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में किसानों की मुख्य भूमिका है। किसानों को सम्मानित करने के उद्देश्य से सरकार द्वारा किसान सम्मान निधि प्रदान किया जा रहा है।

आयोजित कार्यक्रम में विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि प्रदेश की सरकार कृषकों के लिए समर्पित सरकार है, जिन्होंने भगवान बलराम जयंती को किसान दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि किसान केवल मानव का ही नहीं बल्कि पशु, पक्षी सभी का अन्नदाता होता है। विजय मंडावी ने भगवान बलराम के जन्म की कथा के बारे में बताया तथा कृषकों की कठिनाइयों को दूर करने के लिए प्रयास किए जाने की बात कही। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका द्वारा टैरिफ बढ़ाने पर भी भारत किसानों के बदौलत अपने दम पर मजबूती से खड़ा है। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. बीरबल साहू ने कार्यक्रम के आयोजन के विषय में संक्षिप्त में बताया कि भगवान बलराम जो कि कृषि के देवता माने जाते हैं, जिनकी जयंती के अवसर पर पूरे प्रदेश में किसान दिवस के रूप में यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। तकनीकी सत्र के दौरान डॉ. चंदूलाल ठाकुर ने धान के उत्पादन तकनीक तथा गाजरघास उन्मूलन की विस्तृत जानकारी प्रदान की। जिला प्रबंधक इफको बहादुर सिंह ने नैनो यूरिया की विस्तृत जानकारी किसानों को प्रदान की। कार्यक्रम के अंत में उप संचालक कृषि जितेंद्र कोमरा ने कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अतिथियों एवं कृषकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में दौरान केंद्र के वैज्ञानिकगण, कृषि विभाग तथा उद्यान विभाग के अधिकारीगण सहित 155 कृषकगण सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम में मछुआ कल्याण बोर्ड अध्यक्ष भरत मटियारा, पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन, राजीव लोचन सिंह, सुमित दास, राजेश्वरी नेताम, ईश्वर कावड़े, कमलेश उसेंडी, हीरा मरकाम, बाबा ठाकुर एवं अष्ठाता कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र डॉ. एन के रस्तोगी तथा उद्यान विभाग के माधव सिंह ठाकुर उपस्थित रहे।

# नवरात्रि की तैयारियों को लेकर हुई बैठक, सौंपी गई जिम्मेदारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर

सिद्ध श्रीगणेश स्वामी मंदिर प्रांगण में 28 अगस्त को बस्तर सेना की आवश्यक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी क्वांर नवरात्र उत्सव की रूपरेखा एवं कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में समिति के कपड़े, बैनर, पोस्टर एवं अन्य खर्च के लिए सहयोग राशि एकत्रित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही दान राशि एकत्रित करने के लिए दलों का गठन किया गया।

बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों व सदस्यों ने एकमत होकर निर्णय लिया कि आगामी क्वांर नवरात्र उत्सव को भव्य और सफल बनाने के लिए सभी जिम्मेदारियाँ पूर्ण निष्ठा के साथ निभाई जाएंगी। सदस्य शुल्क संग्रहण प्रभारी सागर शर्मा, सौरभ पारख, नीरज प्रजापति, आगमन प्रभारी रितेश मानिक, आकाश हरिहरणो, शुभ तिवारी, सागर शर्मा, किशोर प्रजापति, अंकुश मिश्रा एवं सभी सहयोगी सदस्य, मीडिया प्रभारी दीपक साहू, धीरज ठाकुर, नीरज प्रजापति, संरक्षक अनीता रावटे, गिरजा देवी साहू, छगन सोनी, अनीश मिश्रा, मार्गदर्शक, शांति लाल प्रजापति, सूरज हरिहरणो, सुनील भंसाली, भूपेंद्र प्रजापति, शुभम तिवारी, गौरव चोपड़ा, उपाध्यक्ष राजा यादव, किशोर प्रजापति, कोषाध्यक्ष रितेश मानिक, सह-कोषाध्यक्ष सौरभ पारख, महासचिव सागर शर्मा, रितेश टांडिया, सचिव फन्नू प्रजापति, अनिरुद्ध पुजारी, प्रवक्ता सोमनाथ सोनी को बनाया गया।

# स्काउट गाइड कार्यकारिणी की बैठक में गतिविधियों की सक्रियता पर चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ के जिला कार्यकारिणी का मासिक बैठक का आयोजन जिला शिक्षा कार्यालय में आयोजित किया गया। प्रतिमाह वार्षिक कार्यक्रम अन्तर्गत भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के जिला कार्यकारिणी की बैठक जिला मुख्य आयुक्त मछुआ कल्याण बोर्ड अध्यक्ष भरत मटियारा की अध्यक्षता एवं भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के जिला अध्यक्ष रामचरण कोर्राम, जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद की उपस्थिति में हुई।

कार्यकारणी की बैठक में जिले में स्काउट गाइड की गतिविधियों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से नई योजनाओं एवं उससे संबंधित विभिन्न विषयों, जिसमें जिला कार्यालय के लिए नवीन भवन 2024-25, 2025-26 की अंशदान राशि, तृतीय सोपान जांच परीक्षा आयोजन, बेसिक और एडवांस प्रशिक्षण शिविर आयोजन जिले के सभी संस्थाओं का ओवायएमएस पंजीयन, संस्थाओं का चार्टर, प्रशिक्षित स्काउटर गाइडर का वारंट, सेजेस विद्यालय से अंशदान राशि, सभी विकासखंडों का दौरा कार्यक्रम व बैठक, विकासखंड समिति गठन, जिला प्रशिक्षण केन्द्र के लिए स्थान चयन, प्रत्येक माह कार्यकारणी के पदाधिकारियों की बैठक एवं जिला स्तृतरीय स्वच्छता अभियान जैसे महत्वपूर्ण विषय पर विस्तृत चर्चा किया गया। जिला मुख्य आयुक्त ने कहा कि सभी संस्थाओं में स्काउट-गाइड गतिविधियों का संचालन अनिवार्य रूप से किया जाए। जिला मुख्य आयुक्त के जिला कार्यालय के लिए मांग पर त्वरित कार्रवाई करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने शिक्षा विभाग के अंतर्गत रिक्त पड़े राजापारा के प्राथमिक शाला भवन को स्काउट-गाइड के जिला कार्यालय के लिए तत्काल आरक्षित कर दिया गया। इस अवसर पर जिला संघ के जिला संगठन आयुक्त किरण ठाकुर एवं जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट प्रदीप कुमार सेन, शाखा प्रभारी चंदन तिवारी उपस्थित रहे।

# वनांचल तरांदुल की शालाओं का एबीईओ ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरर

भानुप्रतापपुर विकासखंड अंतर्गत दूरस्थ वनांचल क्षेत्र में रजत जयंती के अवसर पर भानुप्रतापपुर सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी मुकेश सोनवानी के द्वारा संकुल केन्द्र तरांदुल अंतर्गत दूरस्थ वनांचल शालाओं का निरीक्षण किया गया। तरांदूल में कक्षा 9वीं से 12वीं के बच्चों का मोटिवेशन क्लास लिया, जिसमें डा.भीमराव अंबेडकर, एपीजे अब्दुल कलाम के जीवन शैली को अपनाकर प्रेरित होकर अध्ययन व अध्यापन करने बताया गया और साथ ही सभी बच्चों को समय प्रबंधन, प्रतिदिन शाला आने के साथ एक निश्चित लक्ष्य निर्धारण कर अध्ययन करने बताया।

एबीईओ मुकेश सोनवानी ने छात्र छात्राओं को भविष्य में क्या बनोगे पूछा गया एवं बच्चों को उसी हिसाब से तैयारी करने विस्तारपूर्वक जानकारी दिया गया। 12 वीं के बाद विभिन्न प्रकार के प्रतियोगी परीक्षाओं पर कैसे तैयारी करना है इस संबंध में ब्लैक बोर्ड में लिख कर समझाया गया। एबीईओ के द्वारा प्राथमिक, माध्यमिक, बालक आश्रम शाला धनेली एवं पटेलपारा धनेली का निरीक्षण किया गया, जिसमें बच्चों के साथ अध्ययन, अध्यापन, गृह कार्य, मासिक टेस्ट का निरीक्षण किया गया। संस्था के शिक्षकों का प्रतिदिन उपस्थिति पर चर्चा किया गया एवं शिक्षक दैनंदनी, बालकान, पाठकान, मध्यान्ह भोजन पंजी का निरीक्षण किया गया। बालक आश्रम धनेली भवन, मूलभूत सुविधाओं व आवश्यकताओं का अवलोकन एवं निरीक्षण किया गया। माध्यमिक शाला के बच्चों के साथ बैठकर मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता का जायजा लिया व जानकारी दिया गया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य चंद्रकांत साहू, संकुल समन्वयक धर्मेन्द्र नायक, संस्था के समस्त स्टॉफ एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# पंचायत क्षेत्र को स्वच्छ बनाने सरपंच ने चालाया अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत दुर्गुकोंदल की सरपंच शकुंतला नरेटी द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत सफाई अभियान चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य ग्राम पंचायत क्षेत्र को स्वच्छ और स्वस्थ बनाना है। इस अभियान के तहत 28 अगस्त को कचरा प्रबंधन ग्राम पंचायत दुर्गुकोंदल के अंतर्गत कचरा प्रबंधन को पूरी तरह से व्यवस्थित कर एक जगह कुडे को इकट्ठा कर व्यवस्थित किया गया।

सरपंच शकुंतला नरेटी के नेतृत्व में चलाए जा रहे इस अभियान के माध्यम से ग्राम पंचायत दुर्गुकोंदल को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस अभियान में ग्राम पंचायत के सदस्यों और ग्रामीणों की भागीदारी भी आवश्यक है उन्होंने ग्राम वासियों ग्राम पंचायत की सदस्य वार्ड पंचों को स्वच्छता अभियान में सहयोग करने की अपील की है। अभियान में ग्राम पंचायत क्षेत्र में नियमित सफाई अभियान चलाया जाएगा, जिसमें सड़कों, गलियों और सार्वजनिक स्थानों की सफाई शामिल है। ग्राम पंचायत क्षेत्र में कचरा प्रबंधन की व्यवस्था की जाएगी, जिसमें कूड़े को इकट्ठा करने और उसका निपटान करने की व्यवस्था शामिल है। ग्राम पंचायत क्षेत्र में नालियों की सफाई की जाएगी, जिससे जलभराव की समस्या से बचा जा सके। ग्राम पंचायत क्षेत्र में स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया जाएगा, जिससे लोगों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जानकारी दी जा सके।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर विद्यार्थियों की वाद विवाद हुई स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गुकोंदल



विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत आने वाले शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल और हाई स्कूल के विद्यार्थियो के लिए सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 16 संस्था के विद्यार्थी सम्मिलित हुए। वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर शाउमावि कोड़े के नीतीश कुमार, द्वितीय स्थान पर शाउमावि मेडो के करिश्मा कोमरे एवं तृतीय स्थान पर जैन शाउमावि आमाकड़ा की कुमारी प्रतिज्ञा रही। सांत्वना पुरस्कार में शाउमावि मेडो के रुद्र देव प्रताप कोमरा एवं शा कन्या हाई स्कूल की दानी यादव को सफलता मिली। मेडो प्राचार्य हेमंत कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि बाइक चलाते समय हेलमेट पहनना और कार में सीट बेल्ट लगाना अनिवार्य है। सड़कों पर गति सीमा का पालन करना आवश्यक है ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके। ट्रैफिक सिग्नल का पालन करना आवश्यक है, लाल बत्ती पर रुकना और हरी बत्ती पर चलना चाहिए। सड़क पर वाहन चलाते समय सावधानी बरतनी चाहिए और अन्य वाहनों और पैदल यात्रियों का ध्यान रखना चाहिए। सड़क सुरक्षा उपायों को अपनाकर दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है। सड़क सुरक्षा जीवन की सुरक्षा के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह दुर्घटनाओं को रोकने और लोगों की जान बचाने में मदद करती है। वाद विवाद प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल के सदस्य प्राचार्य हेमंत कुमार श्रीवास्तव, बंगोमा चक्रवर्ती, दिग्विजय सलामे व्याख्याता डांगरा, नीतीश साहू, सोनिया चौधरी, श्याम सिंह नेगी, राकेश सोनवानी शामिल रहे।


## कांकेर शहर में जगह जगह विराजे गजानन




श्रीश्री रिद्धि सिद्धि परिवार शीतलापारा



श्रीश्री मंगल मूर्ति गणेश उत्सव समिति मांझापारा



श्रीश्री शिवभक्त परिवार आंबेडकर चौक



श्रीश्री मारुतिनंदन गणेश उत्सव समिति जवाहर वार्ड



श्रीश्री जय शीतला माँ समिति महादेव वार्ड

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 16,500/
रिजर्वेशन कोच
10 सितंबर, 24 सितंबर, 01 अक्टूबर, 29 अक्टूबर, 12 नवम्बर, 10 दिसम्बर, 17 दिसम्बर 2025 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशि:-स्लीपर -16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411